# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
**विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून– 248001**
Email ID- ceo_uttaranchal@eci.gov.in
फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2713724

संख्याः 1782 / XXV–12(P-7)/2008 देहरादूनः दिनांक 05 अप्रैल, 2019.

सेवा में,

श्री एस0के0 अवस्थी,
किशनपुर (वकील फार्म) किच्छा,
उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड पिन– 263148

**विषयः–** **सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत चाही गयी सूचना के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक लोक सूचना अधिकारी/अनु सचिव गृह अनुभाग–2 उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या–15/सू0का0अ0/19/XX-2/07(10) 2019 दिनांक 05 अप्रैल, 2019 जो इस कार्यालय को सम्बोधित एवं आपको पृष्ठांकित है, का अवलोकन करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के साथ संलग्न आपके सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र दिनांक 19 मार्च, 2019 द्वारा 04 बिन्दुओं पर वांछित सूचना चाही गयी है।

आपके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत चाही गयी सूचना पूर्व में ही इस कार्यालय के पत्र संख्या–1564 दिनांक 30 मार्च, 2019 द्वारा समस्त लोक सूचना अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, उत्तराखण्ड हेतु हस्तान्तरित करते हुए आपको भी पृष्ठांकित किया गया है।

भवदीय,

(डी0पी0 डंगवाल)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी 04

rti 2019

प्राप्त - 5/4/2019

उत्तराखण्ड शासन
गृह अनुभाग–2
संख्याः 15/सू0का0अ0/19/**XX-2**/07(10)2019
देहरादून, दिनांकः 5 अप्रैल, 2019

1. लोक सूचना अधिकारी,
निर्वाचन विभाग,
उत्तराखण्ड, शासन।

2. लोक सूचना अधिकारी,
पुलिस मुख्यालय, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

कृपया अनु सचिव/लोक सूचना अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के पत्र संख्याः 2547/रा0नि0आ0–1/2588/2019, दिनांकः 29.03.2019 के साथ संलग्न अनुरोधकर्ता श्री एस0 के0 अवस्थी, किशनपुर (वकील फार्म), किच्छा, ऊधमसिंहनगर के पत्र दिनांकः 19.03.2019 को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 06(3) के अन्तर्गत इस आशय से अन्तरित कि कृपया आवेदक के उक्त पत्र के बिन्दु संख्याः1, 2 एवं 3 से संबंधित सूचना अनुरोधकर्ता को नियमानुसार सीधे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

( मोनिका गर्ब्याल )
लोक सूचना अधिकारी/अनु सचिव

पृष्ठांकन संख्याः 15(1)/सू0का0अ0/19/**XX-2**/07(10)2019,तद्दिनांक।
प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अनु सचिव/लोक सूचना अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड को उनके पत्र संख्याः 2547/रा0नि0आ0–1/2588/2019, दिनांकः 29.03.2019 के क्रम में।
2. श्री एस0 के0 अवस्थी, किशनपुर(वकील फार्म), किच्छा, ऊधमसिंहनगर को उनके पत्र दिनांकः 19.03.2019 के क्रम में।

आज्ञा से,

( मोनिका गर्ब्याल )
लोक सूचना अधिकारी/अनु सचिव

पंजीकृत

RN- 15 | सू० अ०/ x8-2/2019

सत्यमेव जयते

# राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड

निर्वाचन भवन, लाडपुर, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून।

दूरभाष : 0135–2673011, 2671671 टैलीफैक्स : 0135–2670998, 2678945 E-Mail : sec.uttarakhand@gmail.com

संख्या– /रा0नि0आ0–1/2588/2019 दिनांक 29 मार्च, 2019

श्री एस0के0 अवस्थी,
किशनपुर (वकील फार्म),
किच्छा, जनपद–ऊधमसिंहनगर,
उत्तराखण्ड। 263148

कृपया अपने सूचना के अनुरोध पत्र दिनांक 19.03.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो राज्य निर्वाचन आयोग में दिनांक 25.03.2019 को प्राप्त हुआ है। जिसमें आपके द्वारा **04 बिन्दुओं** की सूचना, सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त संबंध में अवगत कराना है कि आपके सूचना अनुरोध–पत्र में उल्लिखित 04 बिन्दुओं की सूचना आपको उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र संख्या–2513 दिनांक 26.03.2019 द्वारा लोक सूचना अधिकारी/अनुभाग अधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड, सचिवालय परिसर, देहरादून को अंतरित किया गया है।

उक्त के अतिरिक्त आपके सूचना अनुरोध–पत्र में उल्लिखित **बिन्दु संख्या–01,** 02 व **03** की सूचना आपको उपलब्ध कराये जाने हेतु लोक सूचना अधिकारी, गृह विभाग, उत्तराखण्ड शासन को पृष्ठांकित अंतरित किया जा रहा है तथा **बिन्दु संख्या–04** की सूचना से संबंधित इस कार्यालय में उपलब्ध 05 **पृष्ठों** की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर निःशुल्क प्रेषित की जा रही है।

इस आदेश के अन्तर्गत दी गई जानकारी से यदि आप असंतुष्ट हों तो, पत्र प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के अन्दर विभाग के अपीलीय अधिकारी जिनका पता निम्नवत् है, के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं:–

**श्रीमती हिमाली जोशी पेटवाल,**
**उप सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड।**
**दूरभाष नं0–0135–2670998 मो0 9719158720**

संलग्नक–उपरोक्तानुसार ।

भवदीय,

(बी0पी0कोठारी)
अनु सचिव/
लोक सूचना अधिकारी।
मो0नं0–7534820707

संख्या–2547/रा0नि0आ0–1/2566/2019 तद्दिनांक।(पंजीकृत)

प्रतिलिपि लोक सूचना अधिकारी, गृह विभाग, उत्तराखण्ड शासन को श्री एस0के0 अवस्थी, किशनपुर (वकील फार्म) किच्छा, ऊधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड का सूचना अनुरोध–पत्र दिनांक 19.03.2019 की छायाप्रति इस आशय से प्रेषित है कि उक्त अनुरोध–पत्र के **बिन्दु संख्या–01, 02 व 03** में मांगी गयी सूचना जो आपके विभाग से संबंधित है। कृपया अनुरोधकर्ता को अपने स्तर से नियमानुसार सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

29/3/19
(बी0पी0कोठारी)
अनु सचिव /
लोक सूचना अधिकारी।

श्री रजवीर
02/04/19

1033
25/3/19

सेवा में,
राज्य निर्वाचन आयोग
देहरादून

दिनांक: 19/03/2019

**विषय:** चुनाव के समय पुलिस द्वारा शस्त्र जमा कराने के सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्रदान करें

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय पर निम्न बिन्दुओं पर जानकारी दें:

1) चुनाव के समय जनता को स्वयं रक्षा के लिए प्रदान किये गए शस्त्र किस क़ानून के तहत जमा कराए जाते हैं। कृपया नियम की कॉपी प्रदान करें।
2) चुनाव के समय जनता पूर्ण रूप से निशस्त्र हो जाती है, ऐसे में जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है, जबकि पुलिस बल एवं अधिकारी चुनाव में व्यस्त होते हैं। लोगोंको सुरक्षा देने की कानूनी व्यवस्था की जानकारी प्रदान करें।
3) चुनाव के समय प्रशासन अमला चुनाव आयोग के अधीन होता है, सारे क्षेत्र में धारा 144 लगी होती है, सुरक्षा के लिए प्रदान कए गए असलहे जमा हो जाते हैं। जनता के बीच के नामी-गिरामी लोग 107/116 में जमानत पर होते हैं. ऐसी स्थिति में जनता की सुरक्षा पूर्णतः भगवान भरोसे है। कृपया सूचित करें कि कानून के किस प्रावधान पर जनता की सुरक्षा का जिम्मा है।
4) उपरोक्त विषय पर कृपया सूचित करें कि आप के द्वारा कौन से दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस सम्बन्ध में दिए गए आदेशों की प्रति प्रदान करें।

धन्यवाद।

भवदीय

एस. के. अवस्थी
किशनपुर (वकील फ़ार्म)
किच्छा, ऊधम सिंह नगर
उत्तराखंड-263148

(रोशन लाल)
सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड 25-3-19

(बी० पी० कोठारी)
अनु सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

अनुभाग

संलग्न: रू.10/- पोस्टल आर्डर नं. 46F 345223

Received
26/3/19